भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1992

29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

घरेलू वस्त्र मिलों द्वारा कपास की खपत

1992. श्री टी. एम. सेल्वागणपति:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कपास सलाहकारी बोर्ड ने सितम्बर, 2011 से अक्तूबर 2012 के दौरान घरेलू वस्त्र मिलों द्वारा 232 लाख गांठों की खपत किए जाने का अनुमान लगाया है;

(ख) क्या यह भी सच है कि घरेलू वस्त्र मिलों द्वारा कपास की कुल लगभग 240 लाख गांठें खपत की जाती हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त अवधि के दौरान 120 लाख गांठों का निर्यात किया गया था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

<u>वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)</u>

(क) : जी, नहीं । कपास सलाहकार बोर्ड ने दिनांक 23.8.2012 को संपन्न हुई इसकी बैठक में कपास मौसम 2011-12 (अक्तू.-सित.) में घरेलू वस्त्र मिलों द्वारा 239.31 लाख गांठ कपास की खपत होने का अनुमान लगाया है ।

(ख): जी, हां ।

(ग) और (घ): चालू कपास मौसम 2011-12 (अक्तू.-सित.) के दौरान दिनांक 7.8.2012 की स्थिति के अनुसार कपास की कुल 126.46 लाख गांठों का निर्यात हुआ है ।